# Rajasthan Technical University, Kota
# राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय, कोटा

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- coe@rtu.ac.in

No. F(27)/RTU/COE/Exam/Sec/2024-25/1654 Dated : 04/05/2024

अति–आवश्यक

प्राचार्य / निदेशक
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय
राजस्थान तकनीकी विश्वविद्यालय
कोटा (राज0)

विषय :–विश्वविद्यालय के 13 वें दीक्षान्त समारोह–2024 के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा–निर्देश।
सन्दर्भः– विश्वविद्यालय द्वारा प्रेषित पत्र / नोटिस कमांक 1582,1583,1584 एवं 1585 दिनांक 02.05.2024।

महोदय,

माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर से प्राप्त निर्देशों की पालना में विश्वविद्यालय का 13 वां दीक्षान्त समारोह दिनांक 06 जुलाई 2024 को आयोजित किया जा रहा है। इस सम्बन्ध में निम्नानुसार प्रमुख दिशा–निर्देश की पालना किया जाना सुनिश्चित करें:–

1. विश्वविद्यालय द्वारा 13वें दीक्षान्त समारोह में वर्ष 2022 (2021–22) एवं वर्ष 2023 (2022–23) उत्तीर्ण विद्यार्थियों (passout students) को डिग्रियां एवं नियमानुसार गोल्ड मेडल दिये जाने का निर्णय लिया गया।

2. वर्ष 2022 (2021–22) बैच के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का डिग्री डाटा पूर्व में माह जनवरी–फरवरी 2024 में कॉलेजों एवं विद्यार्थियों के स्तर पर ऑनलाईन पोर्टल के माध्यम से अपडेट करने का कार्य सम्पादित कर पूर्ण कर लिया गया है। साथ ही वर्ष 2022 बैच के उत्तीर्ण विद्यार्थियों की प्रोविजल मेरिट लिस्ट विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर प्रकाशित कर उस पर प्राप्त आपत्तियों को निस्तारित कर अन्तिम मेरिट लिस्ट (final merit list) सक्षम स्तर से अनुमोदन उपरान्त विश्वविद्यालय वेबसाईट पर शीघ्र ही प्रकाशित कर दी जावेंगी। अतः सम्बन्धित विद्यार्थी एवं महाविद्यालय विश्वविद्यालय वेबसाईट पर अन्तिम मेरिट लिस्ट का अवलोकन कर सकते है।

3. वर्ष 2023 (2022–23) बैच के उत्तीर्ण विद्यार्थियों का डिग्री डाटा विश्वविद्यालय पोर्टल के माध्यम से कॉलेजों के स्तर पर ऑनलाईन अपडेट करने के लिए दिनांक 02 मई, 2024 से प्रारम्भ कर दिया गया है, जिसकी अन्तिम तिथि 15 मई, 2024 है। डिग्री डाटा अपडेट करने की अन्तिम तिथि में कोई विस्तार नही किया जावेगा। अतः आपके महाविद्यालय से सम्बन्धित डिग्री योग्य सभी विद्यार्थियों का डिग्री डाटा विश्विद्यालय के निर्देशानुसार (पत्र / नोटिस कमांक 1582,1583,1584 एवं 1585 दिनांक 02.05.2024) अविलम्ब अपडेट करना सुनिश्चित करें। ताकि दीक्षान्त समारोह से सम्बन्धित समस्त गतिविधियां समय पर सम्पादित की जा सकें।

4. माननीय कुलाधिपति एवं राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, जयपुर द्वारा प्रसारित परिपत्र कमांक एफ. 1(11) आरबी / 2015 / पार्ट / 4935 दिनांक 19 जून, 2018 के बिन्दु संख्या 05 के अनुसार **"विश्वविद्यालय स्तर पर समारोह आयोजन करने के साथ–साथ उसी दिन सम्बन्धित महाविद्यालयों**

Rawatbhata Road, Akelgarh Kota – 324010
Ph No.-0744-2473014, 2473931 email- coe@rtu.ac.in


**के प्राचार्यों द्वारा भी महाविद्यालय स्तर पर एक समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को उपाधियां वितरित की जावें।"** की अनुपालना में दीक्षान्त समारोह आयोजन दिवस दिनांक 06 जुलाई, 2024 को महाविद्यालय स्तर पर उपाधि वितरण समारोह का आयोजन किया जाना सुनिश्चित करें।

5. 13वें दीक्षान्त समारोह के योग्य विद्यार्थियों को वितरित की जाने वाली डिग्रियां विश्वविद्यालय के पूर्व निर्धारित डिग्री वितरण केन्द्रों के माध्यम से दिनांक 03 जुलाई, 2024 से 04 जुलाई, 2024 के मध्य वितरित की जानी प्रस्तावित है। अतः सम्बद्ध महाविद्यालय उक्तानुसार डिग्रीयां प्राप्त कर आवश्यक कार्यवाही सम्पादित करना सुनिश्चित करें।

6. उक्त बिन्दुओं अतिरिक्त ऐसी अन्य आवश्यक कार्यवाही जो समारोह आयोजन के लिए उचित, आवश्यक एवं व्यवहारिक समझी जावें उसे भी सम्पादित करने का श्रम करें।

अतः विश्वविद्यालय के 13वें दीक्षान्त समारोह 2024 के सफल आयोजन के लिए उक्त दिशानिर्देशों की पालना, साथ ही समारोह के योग्य सभी विद्यार्थियों को इस सम्बन्ध में अवगत कराकर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने का श्रम करें। अधिक जानकारी के लिए विश्वविद्यालय वेबसाईट एवं पोर्टल के सतत रूप से सम्पर्क में रहें।

(प्रो. धीरेन्द्र माथुर)
परीक्षा नियंत्रक

12

# राज्यपाल सचिवालय
## राजभवन, जयपुर

कमांकःएफ.1(11)आरबी/2015/पार्ट/4935 दिनांक 19 जून, 2018

**परिपत्र**

राज्यपाल सचिवालय के पत्र कमांक 3734 दिनांक 09.06.2015, कमांक 4476 दिनांक 08.07.2015, कमांक 4782 दिनांक 17.07.2015, कमांक 7466 दिनांक 29.10.2015, कमांक 1871 दिनांक 09.03.2016, कमांक 6247 दिनांक 11.08.2017 व कमांक 7645 दिनांक 16.10.2017 द्वारा राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में दीक्षान्त समारोह आयोजित करने के संबंध में समय–समय पर निर्देश जारी किये गये थे।

राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालयों में दीक्षान्त समारोह आयोजित करने के प्रस्ताव राजभवन को प्रेषित करने से पूर्व निम्न बिन्दुओं की पालना सुनिश्चित की जावेः–

1. दिनांक 1 जुलाई से 31 दिसम्बर की अवधि में प्रस्तावित दीक्षान्त समारोह में एक वर्ष पूर्व की उपाधियां सम्मिलित की जावें। उदाहरणार्थ यदि कोई दीक्षान्त समारोह 1 जुलाई, 2018 से 31 दिसम्बर, 2018 के मध्य प्रस्तावित किया जाता है तो उक्त दीक्षान्त समारोह हेतु अकादमिक वर्ष 2016–17 तक की डिग्रियां व मेडल शामिल किये जावें।
2. दिनांक 1 जनवरी से 30 जून की अवधि में प्रस्तावित दीक्षान्त समारोह में तत्कालीन गत वर्ष तक की उपाधियां सम्मिलित की जावें। उदाहरणार्थ यदि कोई दीक्षान्त समारोह 1 जनवरी, 2019 से 30 जून, 2019 के मध्य प्रस्तावित किया जाता है तो उक्त दीक्षान्त समारोह हेतु अकादमिक वर्ष 2017–18 तक की डिग्रियां व मेडल शामिल किये जावें।

3. प्रत्येक विश्वविद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष एक निश्चित दिनांक को दीक्षान्त समारोह आयोजित किया जावे।

4. दीक्षान्त समारोह आयोजित करने के प्रस्ताव से पूर्व यह सुनिश्चित कर लिया जावे कि दीक्षान्त समारोह में शामिल किए जाने वाले वर्ष तक के समस्त विद्यार्थियों की डिग्रियां/उपाधियां तैयार कर ली गई हैं। इस आशय का एक प्रमाण–पत्र कुलपति के हस्ताक्षर से राजभवन को प्रस्तुत किया जावे।

5. विश्वविद्यालय स्तर पर समारोह आयोजन के साथ–साथ उसी दिन संबंधित महाविद्यालयों के प्राचार्यों द्वारा भी महाविद्यालय स्तर पर एक समारोह आयोजित कर विद्यार्थियों को उपाधियां वितरित की जावें।

6. दीक्षान्त समारोह में कुल वितरित की जाने वाली डिग्रियों की संख्या, मेडल्स की संख्या तथा कुलाधिपति स्वर्ण पदक पाने वाले विद्यार्थियों की सूची राजभवन को प्रेषित की जावे।

7. उपाधियों के वितरण के संबंध में की गई व्यवस्थाओं का विद्यार्थियों की सूचना एवं सुविधा हेतु व्यापक प्रचार प्रसार किया जावे।

8. उपाधियों संबंधी समस्त विवरण विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जावे।

9. साथ ही सभी राज्य वित्त पोषित विश्वविद्यालय वितरित की गई डिग्रियों/उपाधियों को राष्ट्रीय शैक्षणिक निक्षेपागार (National Academic Depository) पर भी अपलोड करावें।

12/06/18

(देबाशीष पृष्टी)
सचिव,
राज्यपाल, राजस्थान